आई टी एल पब्लिक स्कूल
सत्र( 2025-26 )
विषय- हिंदी
पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

दिनांक ः कक्षाः पंचम
नाम ः रोल नंबरः

## उपविषय-अपठित गद्यांश

प्रश्न 1 दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

पहाड़ी गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है।जंगल कटने के कारण बाघ कभी - कभी गाँव तक पहुँच जाता है ।गेंवली गाँव में एक बार यही हुआ।एक बाघ ने गाँव में घुसकर गाय को मार डाला। सुबह होते ही यह खबर पूरे गाँव में फैल गई। गाँव के लोग डरे कि यह बाघ कहीं फिर से आकर दूसरे पालतू जानवरों और किसी आदमी को ही अपना शिकार न बना ले। गाँव के लोग गोपाल आश्रम गए और उन लोगों ने मीरा बहन को अपनी चिंता बताई ।गाँव के लोगों ने अंत में तय किया कि बाघ को पकड़ लिया जाए।उसे कैद करने के लिए उन्होनें एक पिंजरा बनाया ।पिंजरे के अंदर एक बकरी बाँधी।योजना यह थी कि बकरी का मिमियाना सुनकर बाघ पिंजरे की तरफ आएगा।पिंजरे का दरवाजा इस प्रकार से बनाया गया था कि बाघ के अंदर घुसते ही वह दरवाजा झटके से बंद हो जाए।शाम होते ही पिंजरे को ऐसी जगह पर रख दिया गया जहाँ बाघ अक्सर दिखाई देता था।रात बीती ।सुबह की रोशनी होते ही लोग पिंजरा देखने निकल पड़े।उन्होंने दूर से पिंजरे को देखा कि पिंजरे का दरवाजा बंद है ।वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि बाघ जरूर पिंजरे में फँस गया होगा लेकिन जब वे पिंजरे के पास पहुँचे तो क्या देखते हैं कि पिंजरे में बाघ नहीं था ।

क) बाघ गाँव में क्यों आते हैं ?

ख) पूरे गाँव में क्या खबर फैल गयी थी ?

ग) पिंजरे के पास पहुँच कर लोगों ने क्या देखा ?

घ) गद्यांश में से समानार्थक शब्द ढूँढकर लिखें । क) प्रसन्न ख) प्रकाश

ङ) गद्यांश में से विलोम शब्द ढूँढकर लिखें ।

क) बाहर ख) नगर

आई टी एल पब्लिक स्कूल

सत्र( 2025-26 )

विषय- हिंदी

पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

दिनांक ः कक्षाः पंचम

नाम ः रोल नंबरः

## उपविषय-अपठित गद्यांश

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है।दो- तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव जंतु नहीं थे।फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और पेड़ पौधों का ही इस धरती पर राज्य रहा।आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख पहले जन्म लिया।धीरे- धीरे उसका विकास हुआ।कोई दस हज़ार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया।वह खेती करने लगा।वह पत्थरों के औज़ारों का इस्तेमाल करता था।फिर उसने ताँबे और काँसे के भी औज़ार बनाए इन औज़ारों का प्रयोग वह शिकार करने व लकड़ी काटने के लिए किया करता था।

1) हमारी धरती लगभग कितने साल पुरानी है?

(क) पाँच अरब साल (ख)दस अरब साल (ग) पाँच हज़ार साल (घ) पचास सौ साल

2) आदमी खेती के लिए किस चीज़ का इस्तेमाल करते थे?

(क) पत्थरों के औज़ारों का (ख) ताँबे के औज़ारों का

(ग) लकड़ी के औज़ारों का (घ) लोहे के औज़ारों का

3) गद्यांश में किसके बारे में बात हो रही हैं?

(क) औज़ार (ख) सूरज (ग) मनुष्य (घ) धरती

4) प्राचीन शब्द का पर्यायवाची गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।

(क) विकास (ख)पुरानी (ग) इस्तेमाल (घ) औज़ार

5) दिए गए शब्दों में से जो विशेषण शब्द नहीं है, उसे छाँट कर लिखिए।

(क) पुरानी (ख) दस (ग) पाँच अरब (घ)हमारा

6) दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। उत्तर ...... ....... .......